दिनांक 20.09.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लाकडाउन की अवहेलना करने वालों के खिलाफ निगम प्रशासन की टीम ने की सख्त कार्रवाई, शनिवार की रात्रि से निगम की टीम अलर्ट

भिलाई नगर। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, राजस्व विभाग की टीम सहित अन्य अधिकारियों ने शहर का भ्रमण कर लाॅकडाउन की स्थिति का जायजा लिया। रहवासी और मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोगों से लाॅकडाउन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया गया। लॉकडाउन के 1 दिन पूर्व निगम की टीम सतर्क हो गई थी, लॉकडाउन को सफल बनाने के लिए शनिवार को जोन के राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई , जिसमें शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों , दुकानों पर लॉकडाउन के नियमों के तहत कड़ाई से पालन कराने अधिकारियों ने निर्देशित किया ! लॉकडाउन को लेकर शनिवार रात्रि से निगम की टीम अलर्ट , सिविक सेंटर में 7 लोगों से वसूला गया जुर्माना 1 दिन पूर्व से ही निगम भिलाई ने लॉकडाउन को लेकर व्यापक रूप से तैयारी कर ली थी शनिवार की रात्रि को निगम की टीम द्वारा अलग-अलग बाजार एवं व्यवसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया! सिविक सेंटर में एसडीएम खेम लाल वर्मा एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी के साथ निगम के राजस्व विभाग की टीम ने निर्धारित समय से अधिक देर तक व्यवसाय कर रहे 7 व्यापारियों से 3200 रुपए जुर्माना वसूल किया, शहर की वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए अधिक समय तक खुले हुए दुकानों को बंद कराया गया इस दौरान पुलिस बल मौजूद रही!

सुबह से जायजा लेते रहे अधिकारी

आज प्रातः से ही निगम के आला अधिकारियों ने लॉकडाउन को लेकर निरीक्षण किया गया इस दौरान लाॅकडाउन का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई! खुले हुए कई दुकानों को बंद कराया गया! निगम आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से शहर का भ्रमण करना प्रारंभ किया। इस बीच सेक्टर-6, 7, 8, 10 मार्केट, नेहरू नगर, वैशाली नगर, शांति नगर, गौरवपथ, घासीदास नगर, छावनी, नंदनी रोड, पावर हाउस, नेताजी सुभाष मार्केट, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, लिंक रोड और सुपेला मार्केट सहित शहर के अन्य स्थलों में लाॅक डाउन की स्थिति का जायजा लेते रहे! लॉक डाउन का पालन कराने सब्जी व्यापारियों के साथ बैठक लॉक डाउन का पालन कराने आकाशगंगा थोक सब्जी मार्केट के पदाधिकारियों साथ निगम के अधिकारियों ने शनिवार को बैठक कर चर्चा की! जोन एक के आयुक्त ने बताया कि सुपेला लक्ष्मी मार्केट एवं आकाशगंगा मार्केट में सोशल डिस्टेंस का पालन कराने बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है , साप्ताहिक बाजार पूर्णत: बंद रहेंगे! जोन क्रमांक 3 अंतर्गत सुभाष सब्जी मार्केट , फल मार्केट, मटन एवं मछली मार्केट को निर्धारित

समय के बाद बंद कराकर चारों ओर से बैरिकेडिंग की गई है , यहां वाहनों की आवाजाही पर मनाही रहेगी ! जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर मछली मार्केट , पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्केट खुर्सीपार को निर्धारित समय के बाद बंद कराया गया!

33 लोगों से 13850 रुपए वसूला गया जुर्माना निगम के जोन क्षेत्र की टीम ने लॉकडाउन के नियमों का पालन नहीं करने वाले 33 लोगों से 13800 रुपए जुर्माना वसूल किया! अनावश्यक खुले हुए दुकानों को समझाइश देकर बंद कराया गया! आज की कार्यवाही में जोन क्रमांक एक ने 9 लोगों से 5200 रुपए, जोन क्रमांक 2 की टीम ने 16 लोगों से 5850 रुपए, जोन क्रमांक 3 की टीम ने 5 लोगों से 800 रुपए, जोन क्रमांक 4 की टीम ने दो लोगों से 1500 रुपए तथा जोन क्रमांक 5 की टीम ने एक व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए 500 रुपए जुर्माना वसूल किया! निगम प्रशासन , आमजन एवं व्यवसायियों से अपील करता है कि लॉकडाउन को सफल बनाने में शासन-प्रशासन का सहयोग करें और कोरोना को हराने में अपनी भागीदारी निभाएं!